सार-समाचार

विद्यालय का किया लोकार्पण

राजसमंद, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को कंकुबाई-सोहनलाल जी धाकड की स्मृति में मंगल चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से 15 करोड रुपए की लागत से निर्मित राउमावि शिशोदा के नवीन, भव्य, आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त भवन का लोकार्पण किया। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि वे इस विद्यालय का नाम कंकुबाई-सोहनलाल धाकड राउमावि शिशोदा करने की घोषणा करते हैं। दिलावर ने कहा कि उन्होंने इससे भव्यतम भवन पहले नहीं देखा। यहां विज्ञान, गणित, कृषि विज्ञान सहित आधुनिक विषय पढने की सुविधा होगी, सरकार यहां अधिकतम सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करेंगी, जिससे यहां के बच्चें पढ-लिख कर खूब आगे बढें। न सिर्फ अध्ययन, बल्कि यहां खेल क्षेत्र के उत्थान को लेकर भी हम प्रतिबद्ध रहेंगे।सांसद महिमा मेवाड ने कहा कि मेघराज धाकड अपनी जडों को नहीं भूले, मुंबई जाने के बावजूद अपने गांव से जुडे रहे और आज यहां इतना भव्य विद्यालय बनाया। चारों धाम से भी बडा माता-पिता का सम्मान हैं। जिस परिवार ने यह विद्यालय बनाया है वह हमारे लिए बेहद सम्मानीय है। मेवाड की यह भूमि संघर्ष और त्याग की भूमि है। राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि शिशोदा ग्राम में आज त्यौहार का माहौल हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अधिकतम विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं। उन्होने कहा कि मेघराज धाकड और उनके परिवार ने लीड बाय एग्जाम्पल प्रस्तुत किया है। यह विद्यालय शिक्षा का मंदिर ही नहीं, बल्कि संस्कारों का पोषक भी बने, ऐसी आशा है। नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड ने कहा कि ग्राम शिशोदा में निर्मित ऐसा विद्यालय शायद ही प्रदेश में कहीं होगा। विधायक ताराचंद जैन आदि ने भी संबोधित किया।

पाटोत्सव कार्यक्रम संपन्न

मंडफिया, (निसं)। श्री गातोड़ श्याम मंदिर घोड़ाखेड़ा का दो दिवसीय पाटोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार देर रात्रि को संपन्न हुआ। मंदिर के गादीपति भोपाजी भगवान लाल जी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रथम दिन रात्रि जागरण व भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें अतिथि सूरजकुंड नाम के महंत अवधेशानंद जी महाराज, मुंगाना धाम के अनुजदास जी महाराज एवं भदेसर भेरू नाथ मंदिर के पुजारी मांगू नाथ थे। भजन संध्या में गातोड़ बावजी के, सांवलिया सेठ के, शिव जी के, गौ माता सहित विभिन्न भजनों की प्रस्तुति देर रात्रि तक चली। जिसमें भक्तजनों ने नाचते गाते भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन सुबह गातोड़ जी बावजी की महा आरती हुई। आरती पश्चात हवन शांति का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें 13 जोड़ो ने हवन में आहूतिया दी। हवन शांति कार्यक्रम के पश्चात गातोड़ जी बावजी की प्रतिमा को सजे - धजे चांदी के रथ में विराजित कर भव्य बैवाण यात्रा निकाली गई। बैवाण यात्रा में भक्तजन भगवान गातोड़ जी बावजी के चंवर ढुलाते, नाचते-गाते, गुलाल अबीर उड़ाते और बावजी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर गातोड़ जी बावजी के संग गुलाल से होली भी खेली गई। गुलाल एवं अबीर की वर्षा से पूरा मंदिर प्रांगण खुशबू से महक उठा। शोभा यात्रा से पूर्व मंदिर के शिखर पर नवीन ध्वजा चढ़ाई गई। कार्यक्रम में आए भक्तों ने गातोड़ जी बावजी के गादीपति भोपाजी भगवानलाल जी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट की ओर से साधु संतों का सम्मान कर दान दक्षिणा भेंट की गई। गादीपति भोपाजी भगवान लाल जी ने बताया कि विभिन्न गांवों एवं शहरों से आए सैकड़ों भक्तों का मंदिर ट्रस्ट की ओर से उपरना ओढ़ाकर गातोड़ जी बावजी की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

देवगढ़, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं राघवेंद्र काछवाल अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश राजसमंद के निर्देशानुसार शनिवार को न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत बैंच में न्यायिक अधिकारी चारण आशा तथा सदस्य उपखंड मजिस्ट्रेट अर्चना चौधरी द्वारा राजीनामा योग्य प्रकरणों की सुनवाई की जाकर पक्षकारान की आपसी सहमति से एनआई एक्ट, भरण पोषण अधिनियम, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकृति के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया देवगढ, दिवेर, पीपलीनगर, बैंक ऑफ बडौदा, राजस्थान ग्रामीण बैंक देवगढ, कामलीघाट, कुँवाथल, भारत संचार निगम लिमिटेड, श्री राम फाइनेंस द्वारा प्रस्तुत प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों की सुनवाई की जाकर निस्तारण किया गया।

मानव कंकाल मिला

कपासन, (निसं)। कपासन के मेवदा तालाब के दूसरे छोर पर स्थित नर्सरी में एक मानव कंकाल के अवशेष मिले हैं। नर्सरी के पास काम कर रहे मनरेगा श्रमिकों ने इस कंकाल को देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर कपासन और भूपालसागर थाने की पुलिस पहुंची। थानाधिकारी रतन सिंह के अनुसार, कंकाल के अवशेषों में पैर, खोपड़ी और रीढ़ की हड्डियां शामिल हैं। घटनास्थल से एक जोड़ी स्लिपर और एक लुंगी का कपड़ा भी बरामद हुआ है।पुलिस ने कंकाल के सभी अवशेषों को इकट्ठा किया। इन्हें कपासन उप जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवा दिया गया है।

कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव 22 को

उदयपुर, (कासं)। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोगी तालाब, (सविना) उदयपुर में 22 मई को कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य सी.एस.टाक ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव में पूणे की कंपनी ईकेए मॉबिलिटी विद्यार्थियों का इन्टरव्यू लेकर उन्हें जॉब का अवसर देगी। इस प्लेसमेंट ड्राईव में इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के डिप्लोमा पास हो चुके व डिप्लोमा अंतिम वर्ष के संभाग भर के निजी व सरकारी पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं। प्लेसमेंट ड्राईव सुबह 10 बजे शुरू होगी।

होटलों की नावें 15 अगस्त तक होंगी सौलर या इलेक्ट्रिक

जिला झील संरक्षण एवं विकास समिति की बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

उदयपुर, (कासं)। जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में शनिवार को जिला झील संरक्षण एवं विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जयसमंद झील के संरक्षण के लिए जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट का अनुमोदन करते हुए इसे संरक्षित झील का दर्जा देने के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया।

नगर निगम आयुक्त एवं सचिव जिला झील संरक्षण एवं विकास समिति रामप्रकाश ने बताया कि पिछली बैठक में बड़ी और बड़ा मदार झील को संरक्षित श्रेणी में डालने का प्रस्ताव मुख्य कार्यकारी राजस्थान झील विकास प्राधिकरण, जयपुर को भेज दिया गया है। जिला कलक्टर मेहता ने सुझाव दिया कि तीन हेक्टेयर से अधिक भराव क्षेत्र वाले जिले के अन्य तालाबों को भी संरक्षित क्षेत्र में ले सकते हैं। होटलों द्वारा संचालित नावों के अनुबंध नवीनीकरण पर चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने नगर निगम आयुक्त, उदयपुर विकास प्राधिकरण सचिव और अधिशाषी अभियंता यांत्रिकी को दरों का विश्लेषण कर अपनी अनुशंषा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं, झीलों में होटलों द्वारा पेट्रोल या डीजल इंजन से संचालित नावों को 15 अगस्त तक सोलर या इलेक्ट्रिक इंजन में कन्वर्ट करवाने के निर्देश दिए। जिनकी अनुबंध राशि बकाया है उनके प्रबंधन को नोटिस जारी कर राशि जमा करवाने के निर्देश दिए और यदि निर्धारित समयावधि में राशि जमा नहीं कराई जाती है, तो अनुबंध समाप्त करने के निर्देश दिए।

पंच गौरव में शामिल फतहसागर और पिछोला के सौंदर्यन पर चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए सौंदर्यन किया जाए। जलीय जीवन प्रभावित नहीं होना चाहिए। इसके लिए एक समिति का गठन करने के निर्देश दिए। ध्वनि प्रदूषण और मत्स्य पालन पर भी चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में उदयपुर विकास प्राधिकरण राहुल जैन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शरद सक्सेना, मत्स्य विभाग सहायक निदेशक दीपिका पालीवाल, नगर निगम अधिशाषी अभियंता (यांत्रिकी) लखनलाल बैरवा, यूडीए अधीषण अभियंता अनित माथुर, जल संसाधन विभाग अधीषण अभियंता मनोज जैन, पर्यटन उप निदेशक शिखा सक्सेना, एक्सईएन सलूम्बर प्रतीक चौधरी अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 2783 लंबित प्रकरणों का हुआ निस्तारण

राजसमंद, (निसं)। जिलेभर में शनिवार को आयोजित हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2783 लंबित प्रकरणों का निस्तारण हुआ। जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सदस्य सचिव के निर्देशानुसार शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 11 बैंच गठित कर 5997 प्रकरणों का राजीनामा से निस्तारण के लिए रैफर किए गए थे, जिनमें से कुल 2783 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं 9 करोड 36 लाख 23 हजार रुपये से अधिक की राशि के अवॉर्ड जारी हुए।

- **नौ करोड़ 36 लाख 23 हजार रुपये से अधिक की राशि के अवॉर्ड जारी**

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायाधीश अश्विनी कुमार यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ममता सैनी, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट साक्षी शर्मा उपस्थित रहें। लोक अदालत में विभिन्न राजकीय विभागों यथा विद्युत विभाग, टेलीफोन विभाग तथा विभिन्न बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बडौदा, राजस्थान ग्रामीण बैंक केलवा, कांकरोली, विभिन्न वित्तिय संस्थानों आदि के प्रतिनिधि समस्त रिकॉर्ड लेकर उपस्थित रहे और राजीनामा के मामलों में सहयोग किया। जिले के समस्त न्यायालयों में गठित बैंचों के समक्ष पक्षकारान की भीड रही। पक्षकारान ने वसूली के प्रकरणों का हाथो-हाथ बैंक से छूट स्कीम का फायदा लेते हुए राजीनामा किया। लोक अदालत से न्यायालय में वर्षों से लंबित प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निस्तारण हुआ। पक्षकारों ने शीघ्र न्याय प्राप्त किया, मधुर संबंध भी बने रहे तथा न्यायालय फीस भी पुनः प्राप्त करेंगे तथा राजीनामा के बाद पक्षकार खुशी-खुशी अपने घर गए। इस दौरान प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायाधीश अश्विनी कुमार यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ममता सैनी एवं सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट साक्षी शर्मा आदि मौजूद रहे।

राजसमंद न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों का निस्तारण करते बैंच के अधिकारी व सदस्य।

जल मंदिर का किया लोकार्पण

राजसमंद, (निसं)। आरके जिला चिकित्सालय में इंदू देवी की पुण्य स्मृति में मनोहर लोढा एवं लोढा परिवार द्वारा आरके राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर में निर्मित शीतल जल मंदिर का लोकार्पण विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने किया।

उन्होंने इसे जल सेवाए संरक्षण व समाज सेवा की प्रेरणादायक पहल बताया। उन्होंने स्व इंदु देवी के जीवन मूल्यों को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए लोढा परिवार को शुभकामनाएं दीं। समारोह में पीएमओं डॉ रमेश रजक, डॉ अमित चौधरी, डॉ सारांश सम्बल, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश कुमावत, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र टेलर, श्री बालाजी महाराज सेवा समिति अध्यक्ष कैलाश निष्कलंक, नर्सिंग अधीक्षक प्रकाशचन्द्र वैष्णव, भामाशाह मनोहर लोढा, पूर्व पार्षद देविका निष्कलंक, हिम्मत मेहता, कुलदीप पुर्बिया, परिवारजन, चिकित्सालय प्रशासन व भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आयोजकों के आतिथ्य के लिए आभार प्रकट किया। नर्सिंग अधीक्षक प्रकाश चंद्र वैष्णव ने भामाशाहों को दानवीर और दिल के धनी बताते हुए कहा कि जनता के हित में उनके द्वारा किए जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय हैं।

सीज फायर का स्वागत

उदयपुर, (कासं)। विधायक ताराचंद जैन ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीज फायर का स्वागत किया है। विधायक ने कहा कि पीएम ने आतंक का खात्मा करने के लिए ही एयर स्ट्राइक की थी और इस स्ट्रायक में एक भी पाकिस्तानी आम नागरिक की मौत नहीं हुई थी इसके बाद भी पाकिस्तान ने हमला किया तो भारत ने उसका मुहँतोड़ जवाब दिया।

दुकान से दो लाख की अवैध शराब के कर्टन बरामद

उदयपुर, (कासं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने दुकान से दो लाख रूपये से अधिक की अवैध शराब के कर्टन बरामद किए है। पुलिस कार्रवाई की भनक पर दुकान मालिक फरार हो गया। जिला पुलिसअधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीखक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने चन्दवास तिराहे के पास स्थित सवा निवासी चन्दवास झाड़ोल की दुकान पर दबीश देकर अवैध शराब के 49 कर्टन बरामद किए। पुलिस कार्यवाही की भनक लगने पर दुकान मालिक सवा मौके से फरार हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

ड्रोन उड़ाने व आतिशबाजी पर लगाया प्रतिबंध

उदयपुर, (कासं)। जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत उदयपुर जिले में ड्रोन संचालन और आतिशबाजी (पटाखों) पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध 10 मई दोपहर 12 बजे से 15 मई दोपहर 12 बजे तक लागू रहेगा।

- **उदयपुर में 15 मई तक निषेधाज्ञा लागू, उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई**

जिला कलेक्टर के अनुसार यह आदेश जिले की सामरिक महत्ता वाले क्षेत्रों जैसे आर्मी एरिया, महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक, हिन्दुस्तान जिंक, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, गैस फैक्ट्री, ऐतिहासिक भवनों और अन्य संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है।निषेधाज्ञा का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक शांति बनाए रखना है। यह कदम संभावित सुरक्षा खतरों को रोकने और संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन न करने पर भारतीय दंड संहिता और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले कलेक्टर नमित मेहता ने वर्तमान परिपेक्ष एवं सीमा पर चल रहे तनाव को ध्यान में रखते हुए उदयपुर जिले में एहतियातन में कई परामर्श दिए और जनता से अपील करते हुए कहा कि इनकी पालना की जाए। उन्होंने इसके तहत शादियों व अन्य समारोहों में रोशनी इत्यादि के लिए अधिक व्यवस्था नहीं की जाए, ब्लैक आउट होने की स्थिति में आवश्यक रूप से रोशनी को बंद करने की अपील की। कलेक्टर ने सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, पर्यटन स्थलों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों जैसी भीड वाली जगहों पर विशेष निगरानी रखने, सायरन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा इसके विस्तार के लिए विशेष ध्यान देने से लेकर सायरन के संबंध में जनसाधारण को जागरूक करने के भी निर्देश दिए।उन्होंने बडे धार्मिक स्थलों, महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों, बिजलीघरों, रिफाइनरी, बांधों इत्यादि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधितों से कहा है। किसी भी साइबर अटैक से बचने के लिए ऐसी सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं जैसे बिजली आपूर्ति, बांधों के गेट खोलना इत्यादि जिनका संचालन कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से होता है। वहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, खाद्यान्न एवं आमजन के उपयोग के लिए आवश्यक सामग्री की अनावश्यक रूप से होर्डिंग नहीं हो इसके लिए सतत निगरानी रखते के लिए विभागों को कहा है। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे इस अवधि में ड्रोन संचालन और आतिशबाजी से पूरी तरह से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा.निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

फतह स्कूल में सजा श्याम दरबार, भजनों की बही सरिता

उदयपुर, (कासं)। चांद की चटक चांदनी, कान्हा को यमुना पार करवाते वासुदेव, आशीर्वाद देते प्रथम पूज्य भगवान गणेशजी और सालासर बालाजी और गौ ग्वाल के रुप भगवान कृष्ण के साथ साक्षात प्रभु खाटू श्याम के दर्शन। बाबा के दरबार का स्वरुप ऐसा कि हर कोई चकित व भावुक हो गया। श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट की ओर से फतह स्कूल में तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को बाबा के कीर्तन में भक्त ऐसे डूबे कि रात से कब भोर हो गई पता ही नहीं चला। भजन सम्राट नंदू महाराज के साथ ही गुरुग्राम के नरेश सैनी, नजफगढ के बंटू भैया दिल्ली के महावीर अग्रवाल वासु व मयूर रस्तोगी ने भजनों ने ऐसी सरिता बहाई कि हजारों की संख्या में मौजूद भक्त खाटू के दरबार में नाचते-झूमते रहे।

श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट की ओर से पिछले एक महीने से श्री श्याम महोत्सव की तैयारियां चल रही थी। निशान यात्रा व मेहंदी के बाद शनिवार को भव्य श्याम कीर्तन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने आए। बाबा के दरबार में हर भक्त वीआईपी बना जिन्होंने न केवल बाबा को ज्योत पधराई, बल्कि बाबा के आशीर्वाद के रुप में हर भक्त का उपरना पहनाकर स्वागत किया गया। बाबा के दर्शन और ज्योत से पहले मंच के नीचे ही हर भक्त के हाथ गंगाजल से धुलवाकर उनके हाथ में कलावा बांधा गया और तिलक लगाया गया। इस व्यवस्था से भक्तों ने सहजता से खाटू श्याम के दर्शन किए।

कीर्तन की शुरुआत दिल्ली के महावीर अग्रवाल वासु ने गणेश वंदना से की। वासु ने कितना प्यारा है श्रृंगार कि तेरी लेउ नजर उतार कितना प्यारा है, लीला रे म्हने श्याम से मिला दे, बेगा-बेगा आओ श्याम, धन गडी धन भाग हमारा, लीले चढ श्री श्याम पधारा करो स्वागत बाबा का सहित बाबा के कई भजन सुनाए कई। भजन सम्राट नंदू महाराज ने जब अपना स्वरचित भजन कीर्तन की है रात बाबा आज थाणे आणो है से शुरुआत की तो सैंकडों की संख्या में भक्त झूम उठे और बाबा को बुलाने के लिए उनकी आंखें नम हो गई। उन्होंने तीन घंटे तक अपने भजनों से बांधे रखा। नंदू महाराज ने भर दो रे श्याम झोली भर दो, ऐसी मस्ती कहां मिलेगी, तुम्हारी शरण मिल गई सांवरे, पलके ही पलके बिछाएंगे, जिस दिन मेरे बाबा घर आएंगे, दरबार अनोखा सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी जैसे अपने लोकप्रिय भजन सुनाए तो भक्त बाबा के ध्यान में ही डूब गए। नंदू महाराज ने मेरे बाबा बडे दिलदार है और मिली नजरे जुडे दिल के तार है भजन से भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

गुरुग्राम से आए भजन गायक नरेश सैनी ने खाटू श्याम के प्रिय भजनों से भक्तों का दिल जीत लिया। सैनी ने बाबा कृपा लुटाने लगा है, मुझको खाटू बुलाने लगा है, हारा जो भी बाबा इस जहां में दिल से लिया उसने तेरा नाम रे, कैसे भूलौना तेरा मैं एहसान सांवरे और बाबा ऐसा मंतर मार दे मेरे हो जाए वारे न्यारे भजन सुनाकर माहौल को श्याममय कर दिया। नजफगढ से आए प्रख्यात भजन गायक बंटू भैया ने खाटू का श्याम रंगीलो रे, जी रहे हैं कन्हैया तुम्हारे लिए, मुझे श्याम अपने गले से लगा लो और मांगा है मैंने श्याम से वरदान एक ही जैसे मन आनंदित कर देने वाले भजन सुनाए। महोत्सव में पंडित पंकज शर्मा का भी सानिध्य मिला, लेकिन छोटा खाटू धाम से गुरु मां उषा बाईजी व गुरु उमानंदजी विमान सेवा रद्द होने के कारण नहीं आ पाए। तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव में श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट के सुनील बंसल, शुभम गर्ग, कैलाश चंद्र गर्ग, सीपी बंसल, मुकेश अग्रवाल, एचके एरन, राजेश अग्रवाल, राजेश गोयल राजेंद्र भटनागर, प्रियांशु भटनागर, बंसी लाल बत्रा व बालमुकुंद पित्ती, पुनीत अग्रावाल, नलिन बंसल, कृष्णकांत अग्रवाल के साथ ही महिला कार्यकर्ता बीनू गोयल, प्रीति गर्ग, मीना गर्ग, प्रतिभा भटनागर, रूपम भटनागर, स्नेह लता बंसल, रजनी भावसार व चित्रयामा अठावाल ने अपनी सेवाएं दी। हजारों लोगों ने भंडारा ग्रहण किया।श्री श्याम महोत्सव में आए सभी भक्तों के लिए खुले भंडारे की व्यवस्था की गई जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्री श्याम महोत्सव के तीसरे दिन कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी।

सार-समाचार

डॉ व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित की

उदयपुर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को उदयपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विविध आयोजनों में भाग लिया। देवनानी शनिवार सुबह विमान से डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा सर्किट हाउस उदयपुर आए। सर्किट हाउस में कुछ देर रूकने के बाद देवनानी उदयपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गिरिजा व्यास के निवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने परिजनों ने मुलाकात कर डॉ व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया। श्री देवनानी ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इस अवसर पर श्री देवनानी ने डॉ. व्यास के साहित्यिक योगदान को भी याद किया और कहा कि उनकी रचनाएं हमेशा समाज को नई दिशा और प्रेरणा देती रहेंगी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदानकरने की प्रार्थना की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने पूर्व महापौर रजनी डांगी के निवासपर भी पहुंचे तथा उनके पति वीरेंद्र डांगी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाया। देवनानी ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उपनिदेशक श्री गौरीकांत शर्माके निवास पर पहुंच कर उनकी धर्मपत्नी के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया।इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक श्री फूलसिंह मीणा, प्रमोद सामर, गजपाल सिंह राठौड़ सहित अन्य उपस्थित रहे।

ओडिसी नृत्य की दी प्रस्तुति

उदयपुर, (कासं)। शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में नृत्योर्मि संस्थान द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव नृत्याकृति में शनिवार को ओडिसी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। यह आयोजन भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को बढ़ावा देने और स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। नृत्याकृति उत्सव में नृत्योर्मि संस्थान के कलाकारों ने ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेवाड़ पूर्व राजपरिवार की सदस्य निवृत्ति कुमारी मेवाड़ थीं। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रेम भंडारी और विलास जानवे थे। कृष्णेंदु साहा ने ओडिसी नृत्य के माध्यम से रामाष्टकम की एक मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस प्रस्तुति में भगवान राम के बाल्यकाल से लेकर रावण वध तक की विभिन्न लीलाओं को ओडिसी नृत्य की भावपूर्ण और लयबद्ध शैली में जीवंत किया गया, जिसने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को और उजागर किया। संस्थान के छात्रों ने 'स्वागतम कृष्णा' की भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को भक्ति और आनंद के सागर में डुबो दिया। इस प्रस्तुति में भगवान कृष्ण की बाल लीलाएँ, रासलीला, गोवर्धन पर्वत उठाना और कालिया मर्दन जैसे प्रसंगों को ओडिसी नृत्य की लयबद्ध चाल, त्रिभंगी मुद्राओं और भावपूर्ण अभिव्यक्तियों के माध्यम से दर्शाया गया। कलाकारों ने कृष्ण के चंचल, दैवीय और करुणामय स्वरूप को बखूबी उभारा, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया जयदेव के गीत गोविंद से प्रेरित दशावतार की शानदार प्रस्तुति ने भगवान विष्णु के दस अवतारों को ओडिसी नृत्य की शैली में जीवंत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद बसंत राग में बसंत पल्लवी, भैरव राग में भैरव पल्लवी और कलावती पल्लवी, कविदेव की ठुमरी की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को अपनी लय और सौंदर्य से आकर्षित किया। कार्यक्रम का समापन 'मोक्ष मंगलम' की प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने आध्यात्मिकता और शांति का संदेश दिया कार्यक्रम का संचालन रिचा पानेरी ने किया।

लाखों की नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। भूखण्ड बेचने का सौदा कर लाखों की नकदी हडप कर भूखण्ड अन्य को बेचने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्षनगर संजय कॉलोनी निवासी बाबूलाल पुत्र झमकलाल नागौरी ने हरिदासजी की मगरी निवासी विरेन्द्र कुमार पुत्र गोपीलाल लौहार के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि वर्ष 2022 में व्यावसायिक आवश्यकता होने पर आरोपी ने भूखण्ड बेचने का प्रस्ताव रखा। इस पर 16 लाख रूपये का भुगतान प्राप्त कर आरोपी ने एठीमेंट किया। गत दिनों पता रजिस्ट्री के लिए कहने पर टालम टोल करना शुरू कर दिया। इस संबंध में पडताल की तो 21 मई 2024 को उक्त भूखण्ड बो साईफन चोराहा निवासी लक्की चोरड़ीया को बेचने कर रजिस्ट्री करवाने की जानकारी सामने आई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल भरत कर रहे है।

महिलाओं का ऋण हड़पा

उदयपुर, (कासं)। महिला स्वयं सहायता समूह को वितरित ऋण अन्य व्यक्तियों को खाते में जमा करवा हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सुनिल पु छगनलाल शर्मा निवासी लक्ष्मीपुरा भीलवाड़ा हॉल पैसिकफम युनिवर्सीटी के पास स्थित न्यू अपोर्च्यूनिटी कन्सल्टेंसी प्रा.लि. ने आरोपी गणेश कुमार शर्मा फिल्ड अधिकारी, प्रमोद मीणा शाखा प्रबंधक, विमाल देवी, मीराबाई, धनकी बाई के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि कंपनी महिला स्वयं सहायता समूह तैयार कर उन्हें ऋण उपलब्ध कराती है। कंपनी का मुख्यालय महाराष्ट्र में होकर एक शाखा गुडली पैसिफिक के पास स्थित है। वर्ष 2024 में आरोपियों ने तीन ग्राहकों प्रत्येक के 40-40 हजार रूपये कुल 1 लाख 20 हजार रूपये के स्वीकृत ऋण को अन्य खातों में जमा करवा कर हडप लिए। इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

हवन कर विजय की प्रार्थना की

उदयपुर, (कासं)। भारत पाकिस्तान युद्ध व ड्रोन हमलो के चलते दी एफलक्स स्कूल चिकलवास में देश की विजय के उद्देश्य से स्कूल प्राचार्य त्रिभुवन नागदा द्वारा अभिभावकों के साथ मिलकर विद्यालय में हवन कर विजय हेतू माँ भगवती से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में रूपलाल लोहार, नरेंद्र, कैलाश ,महेश , मनोज व क्षेत्रवासी व बच्चो की माताएं आदि मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त अधिकारियों की बैठक

उदयपुर, (कासं)। अखिल भारतीय सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों के संगठन की द्विमासिक बैठक शनिवार को फील्ड क्लब में आयोजित की गई। सेवानिवृत्त सीसीएफ और एनटीसीए के सदस्य राहुल भटनागर ने बताया कि बैठक में उदयपुर के पूर्व संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट भी संगठन में शामिल ह